दिन– सोमवार दिनांक– 07 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में सुचारू रूप से चल रहा है मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य। अब तक एक करोड़ उनहत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये गये।

02 चुनाव आयोग ने कहा – एसआईआर के निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतदाता सूची प्रारूप में उन व्यक्तियों के नाम शामिल किये जायेंगे, जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सात हजार चार सौ अड़सठ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

04. और, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समस्तीपुर में सत्रह करोड़ रुपए से अधिक की निर्माण परियोजनाओं का आज शिलान्यास करेंगे।

---

बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का कार्य मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से सुचारू रूप से चल रहा है। चुनाव आयोग ने एक बयान में बताया कि पुनरीक्षण का प्रारंभिक चरण लगभग पूरा हो चुका है और सभी पात्र मतदाताओं को फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभी तक एक करोड़ उनहत्तर लाख से अधिक गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। फॉर्म अपलोड करने का काम भी शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया में सहभागिता के लिए राजनीतिक दलों ने भी एक लाख चौवन हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट इस कार्य में लगाए हैं।

---

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण चौबीस जून को जारी निर्देशों के अनुसार ही किया जा रहा है और निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्देशों के अनुसार एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में उन व्यक्तियों के नाम होंगे, जिनके गणना फॉर्म पच्चीस जुलाई की निर्धारित तिथि तक प्राप्त हो जायेंगे। मतदाता पच्चीस जुलाई से पहले कभी भी अपने दस्तावेज जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची का प्रारूप जारी होने के बाद यदि कोई दस्तावेज कम है, तो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी दावा और आपत्ति अवधि में जांच के दौरान, उन

मतदाताओं से ऐसे दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं, जिनका नाम मतदाता सूची के प्रारूप में है।

———————————————————————

इधर, सतहत्तर हजार आठ सौ पंचानवे बूथ अधिकारी मतदाताओं को उनके गणना फॉर्म भरने और उन्हें एकत्र करने में मदद करने के लिए घर–घर जा रहे हैं। मतदाताओं की लाइव तस्वीरें लेकर उन्हें अपलोड किया जा रहा है। एस आई आर को लेकर बड़ी संख्या में एनसीसी, एन एस एस के स्वयंसेवकों को भी लगाया गया है।एक ओर जहां घर घर जाकर लोगों से गणना प्रपत्र जमा लिये जा रहे हैं वहीं आनलाइन भी गणना प्रपत्र भरकर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक रिपोर्ट

———रिपोर्ट———

बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जोर–शोर से जारी है। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान चल रहा है। चुनाव मशीनरी और बीएलओ के अलावा बड़ी संख्या में जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, कार्यकर्ताओं, विकास मित्र और अन्य स्वयंसेवकों को इस अभियान में लगाया गया है। ऑफलाइन गणना प्रपत्र के अलावा चुनाव आयोग इसे ऑनलाइन स्वरूप में जमा करने को भी बढ़ावा दे रहा है। लोगों को गणना प्रपत्र भरने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में सोशल मीडिया माध्यम, वेबसाइटों और घर–घर जाकर दरवाजे पर क्यूआर कोड लगाकर लोगों को ऑनलाइन फार्म भरने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों को भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में शामिल किए गए हैं। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी, समाचार पटना।

———————————————————————

पटना जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में दो बीएलओ को निलंबित कर दिया गया है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि निलंबित बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिलाधिकारी के आदेश पर दानापुर के एसडीओ ने बासठ बीएलओ और दो डाटा एंट्री ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस भेजा है। इन पर कार्य में लापरवाही और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप है।

———————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के विरूद्ध राष्ट्रीय जनता दल ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद मनोज झा ने दायर याचिका में एसआईआर पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के लिए अभी पर्याप्त समय नहीं है और न ही सभी लोगों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सात हजार चार सौ अड़सठ नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार दौरे पर आ रहे हैं। श्री वैष्णव समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर सत्रह करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के निर्माण कार्य की शुरुआत करेंगे। सोनपुर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार ने बताया कि रेल मंत्री पूर्व मध्य रेलवे जोन के कर्पूरी ग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके तहत तीन करोड़ तीस लाख रुपए खर्च होंगे। रेल मंत्री इसी स्टेशन के पास चौदह करोड़ रुपए की लागत से समपार फाटक पर बनने वाले भूमिगत मार्ग का शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। पटना से समस्तीपुर जाने के दौरान रेल मंत्री विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण भी करेंगे।

---

राज्य सरकार ने सरकारी जमीनों की जमाबंदी की जांच शुरू कर दी है और इसमें गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सूत्रों ने बताया कि दोषी पाये गए अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गड़बड़ी के दोषी पाये गए सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस संबंध में विभाग ने सभी एडीएम, डीसीएलआर और अंचलाधिकारियों को निर्देश भेज दिया है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायेगी। उन्होंने छपरा में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान की मूल भावना को आहत किया है, जबकि राजद ने डोमिसाइल नीति को हटाने का काम किया है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि पटना के आईजीआईएमएस में जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत होगी। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इससे गरीब मरीजों का भी बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम, सुलभ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी समितियों का देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। वे सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

दूध से लेकर बैंकिंग तक, चीनी मिलों से लेकर मार्केटिंग तक और कैश क्रेडिट से लेकर डिजिटल पेमेंट तक आज सहकारी समितियां सक्षमता के साथ देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। 36 लाख बहनें गुजरात में और 20 लाख बहनें देश में हर रोज परिश्रम करके दूध भरती है। 80 हजार करोड़ का टर्नओवर है अगले साल की बेलेंसशीट एक लाख करोड की आएगी और इसका ये मुनाफा मेरी ये 56 लाख बहनों के अकाउंट में जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि दो लाख नई प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, सहकारिता विश्वविद्यालय और खाद्यान्न उत्पादन तथा बिक्री से जुड़ी तीन और डेयरी से संबंधित तीन सहकारी समितियां देश के सहकारी आंदोलन को और सशक्त बनाएंगी।

---

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके प्रभाव से बारह जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार सात जुलाई को राज्य के दक्षिण और उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले की जांच कर रही एसआईटी ने वैशाली और पटना जिले में कई जगहों पर छापेमारी की। बेऊर जेल में छापेमारी के दौरान मिली जानकारी के आधार पर एसआईटी ने कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इधर, बेऊर जेल में छापेमारी के दौरान तीन मोबाईल बरामद होने को लेकर जेल प्रशासन ने तीन कक्षपालों को

निलंबित कर दिया। वहीं, तीन अन्य अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा ने बताया कि निलंबित तीनों कक्षपालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

---

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा है कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए यात्रा पथ पर पेयजल और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने विभागीय बैठक में कहा कि स्वच्छ जलापूर्ति और स्वच्छता को लेकर सरकार गंभीर है। साथ ही कांवरिया पथ पर नियमित जल छिड़काव का भी इंतजाम किया जा रहा है। श्री पाल ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान कांवरिया पथ के चयनित स्थलों पर तीन शिफ्टों में साफ–सफाई की व्यवस्था की जा रही है।

---

राजगीर में उनतीस अगस्त से सात सितम्बर तक आयोजित होने वाले बारहवें पुरूष हॉकी एशिया कप प्रतियोगिता की तैयारी जोरों से की जा रही है। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, चीन समेत एशिया की कई श्रेष्ठ टीमें भाग लेंगी। बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए हॉकी इंडिया, खेल मंत्रालय और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने हॉकी स्टेडियम और अन्य व्यवस्था का जायजा लिया।

इधर, पटना सिटी के बेगमपुर स्थित राजकीय स्कूल मैदान में पांचवीं जूनियर राज्य स्तरीय रस्साकशी–टग ऑफ वार प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। प्रतियोगिता में पटना, नवादा, अरवल, कैमूर और वैशाली समेत सोलह जिलों की टीमें भाग ले रही हैं।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में कुख्यात नक्सली सुरेश कोड़ा पुलिस मुठभेड़ में जख्मी हो गया। हालांकि अंधरे का फायदा उठाकर वह भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पटना जिले के रामकृष्ण नगर स्थित एक गोदाम में छापेमारी कर उत्पाद विभाग की टीम ने एक सौ छब्बीस लीटर शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

मधुबनी जिले के मधवापुर थाना क्षेत्र में एसएसबी और बीएनएफ कंपनी के जवानों ने सैंतालीस लाख भारतीय रुपये के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने शिक्षा विभाग के प्रारूप को तरजीह देते हुए लिखा है – बिहार के विश्वविद्यालयों में सात नये पाठ्यक्रम शुरू होंगे।

दैनिक जागरण गोपाल खेमका हत्याकांड से जुड़ी एसआईटी की कार्रवाई पर लिखता है – शूटर की तलाश में तीन जिलों में दबिश, चार लोग हिरासत में।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – आतंक के खिलाफ पाबंदी में कोई हिचक न हो।

प्रभात खबर ने कम बारिश पर लिखा है – बीस जिले सूखे की दहलीज पर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में सुचारू रूप से चल रहा है मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य। अब तक एक करोड़ उनहत्तर लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये गये।

02 चुनाव आयोग ने कहा – एसआईआर के निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतदाता सूची प्रारूप में उन व्यक्तियों के नाम शामिल किये जायेंगे, जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सात हजार चार सौ अड़सठ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

04. और, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समस्तीपुर में सत्रह करोड़ रुपए से अधिक की निर्माण परियोजनाओं का आज शिलान्यास करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।